पंजाब केसरी 22/02/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने उगाड़ा में निकाली स्वच्छता रैली






गांव उगाड़ा में स्वच्छता रैली निकालते और योगाभ्यास करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी।

अम्बाला, 21 फरवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा उगाड़ा में आयोजित शिविर के 5वें दिन शुक्रवार को प्रात:कालीन सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो. बृजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को योग के लाभ के बारे में परिचित करवाया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने गांव के लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए विशाल रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारों एवं संवादों द्वारा लोगों को बताया कि स्वच्छ जीवन शैली हमें निरोग एवं स्वस्थ बनती है। संध्याकालीन सत्र में कॉलेज परिसर में पर्यावरण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डा. कुलदीप यादव ने पर्यावरण संबंधी जागरुकता को स्वयंसेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि हमें हमारे जन्मदिवस पर 2 पौधे अवश्य लगाने चाहिए। पेड़ वातावरण को संतुलित करने में महत्व भूमिका निभाते हैं तथा हमें वातावरण का आदर कर नदियों, पहाड़ों, तालाबों को दूषित होने से बचना चाहिए, ताकि हम आने वाली पीढ़ियां को स्वच्छ वातावरण धरोहर के रूप में दे सकें। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि उनके कॉलेज के स्वयंसेवक पूरी तन्मयता से सामाजिक कार्यों में संलग्न है। इस अवसर पर डा. सरोज, डा. धर्मवीर सैनी एवं डा. अनीश आदि मौजूद रहे।